तिरंगा हाथों में थामे 4 किलोमीटर लंबी 3100 छात्र छात्राओं ने भव्य तिरंगा रैली निकाली

तिरंगा कार्यक्रम का हुआ आयोजन, वंदे मातरम, तिरंगामय हुआ आसीन्द

आसींद, (निसं)। उपखण्ड प्रशासन आसीन्द द्वारा आयोजित तिरंगा रैली में हजारों लोगों ने भाग लिया। यह रैली आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित की गई। इसमें लोगों ने देशभक्ति के साथ तिरंगा फहराया और देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट हुए। रैली में भाग लेने वालों को तिरंगा वितरित किया गया और उन्हें देशभक्ति से जुड़े संदेश दिए गए।

रैली में मुख्य अतिथि तहसीलदार बीएल सेन, नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, थाना अधिकारी आसींद हंसपाल सिंह,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश नागला ने तिरंगा फहराया और देशभक्ति से जुड़े अपने विचार साझा किए। रैली में देशभक्ति गीतों और नारों का गायन किया गया। तिरंगा यात्रा को बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाई।

आसींद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

तहसीलदार बीएल सेन ने कहा, 'हमें यह देखकर गर्व हो रहा है कि इतने सारे लोगों ने तिरंगा रैली में भाग लिया और देशभक्ति के साथ एकजुट हुए। यह रैली देश की एकता और अखंडता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपने देश की आजादी और एकता को बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। तिरंगा रैली के माध्यम से हम देशभक्ति के संदेश को फैलाना चाहते हैं। 'हर घर तिरंगा अभियान' प्रत्येक देशवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। इसलिए सभी कस्बेवासी अपने घर, प्रतिष्ठान, व कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झण्डे को अवश्य फहराएं।'

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ' 4 किलोमीटर लंबी 3100 छात्र छात्राओं की भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली आसीन्द नगर के मुख्य मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड, गांधी चौक, सदर बाजार, हवाला, पंचायत समिति, चूंगी नाका से होते हुये उपखण्ड कार्यालय आसीन्द पहुंचीं।

शहर के आमजनो ने भव्य तिरंगा रैली में अति उत्साह से भाग लिया। हर कोई गुनगुनाता नजर आया हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा झंडा ऊंचा रहे हमारा। विभिन्न सामाजिक संगठन, आदर्श नवोदय विद्यालय, सर्राफा व्यवसाय, वस्त्र व्यवसाय, महावीर इंटरनेशनल शाखा आसींद, महावीर कामधेनू गोशाला, भारत विकास परिषद, किराणा व्यापार संघ, कपड़ा

- **समापन के समय उपखण्ड कार्यालय में राष्ट्रगान व शपथ के समय छात्र छात्राओं शिक्षको सरकारी कार्मिको जनप्रतिनिधीयों समेत 4000 नागरिकों कि उपस्थित रहीं**

व्यापार संघ, निजी विद्यालय संघ, खाटू श्याम संघ, जनरल रेडीमेड व्यापार संघ सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा रेली के रास्ते में आने वाले सेकड़ो घरों की छतों से आमजन ने हजारों किलो पुष्पों से रेली पर पुष्प वर्षा की। महावीर कामधेनु गौशाला की तरफ से रास्ते में छात्र-छात्राओं और रेली में सम्मिलित सभी लोगों के लिए शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था की गई जो सराहनीय रही।

पूज्य झूलेलाल साहिब के चालीहो उत्सव पर पूजन

अजमेर, (कासं)। अजमेर के नानक का बेड़ा स्थित नसरपुर दरबार पूज्य झूलेलाल साहिब मन्दिर में 1947 से स्थापित झूलेलाल साहिब जयोति सेवा निरंतर की जा रही है। चालीहा साहिब का शुभारम्भ विधिविधान से नसरपुरी मंदिर प्रमुख बाबो साहिब सुरेश आलोम के नेतृत्व में अखंड ज्योति साहिब की छाया में जल ज्योति जनेऊ चोटी की लाज रखने वाले पूज्य झूलेलाल साहिब का चालीहा महोत्सव नसरपुर दरबार में आयोजित किया जा रहा है। नसरपुर दरबार में पूज्य झूलेलाल साहिब के चालीहो उत्सव पर शनिवार को पूज्य बहिराणे साहब का का आयोजन हुआ, भगत मुरली खत्री द्वारा पंजड़ों को सुनाया। उपस्थित श्रद्धालुओं भी मन्त्रमुग्ध हो आत्म विभोर हो गये। महाआरती करने के बाद छेज लगाकर पल्लव साहिब का वितरण किया गया और पूज्य बहराणा साहिब को दरियाशाह डिग्गी तालाब पर जलीय जीवों को भोजन कराया गया और आरती प्रार्थना करके पूज्य झूलेलाल साहिब के चालीहा महोत्सव के पच्चीसवें दिन का समापन किया गया। राजेश लालवानी और रमेश लालवानी ने बताया कि नसरपुर झूलेलाल मन्दिर में बाबा साहिब सुरेश आलोम के नेतृत्व में समस्त आयोजन मनाए जा रहे है।

सार-समाचार

पदयात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा कसबे में मीणा समाज के आराध्य देव भगवान श्री मांगट देव मालाजी महाराज के वार्षिक उत्सव में भाग लेने सैकड़ों नर नारी झंडा लिए भगवान के बेवाण के साथ जयकारे लगाते हुए पहुंचे। शाहपुरा धरती देवरा मे महावीर प्रसाद मोटीस के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर भगवान के भक्तों का स्वागत किया। शाम को भगवान की विधिवत महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार पदयात्रा समिति संचालक कालूराम मीणा ने बताया कि मीणा समुदाय के भगवान आराध्य देव श्री मांगट जी भगवान पर उत्सव मनाने और झंडा चढ़ाने की परिपाटी एवं जिम्मेदारी को पूर्ण करने के लिए अदा करने के लिए मालाजी चौक श्यावता, निवारिया, गौवल्या, बाबई, सारौला, भरणी, मेट्न, हनोती, आलोली, गणपतपुरा, श्यामपुरा, चावण्डिया से बड़ा खेड़ा बड़ा खेड़ा से रोही पर्वत रावली-अभ्यारण (मांगट जी दर्शन व ध्वजारोहण) परिपाटी एवं परंपरा के अनुसार करेंगे। श्री मांगट देव (मालाजी) बड़ा खेड़ा पद यात्रा समिति द्वारा लगातार 22 वर्षों से धार्मिक आयोजन किया जा रहा है 22वीं मालाजी पद यात्रा 14 अगस्त तक भगवान के स्थान पर पहुंचेगी। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी मालाजी महाराज बड़ा खेड़ा स्थान पर आयोजित मेले के अवसर पर पद यात्रा का आयोजन रखा गया।विश्राम शाहपुरा से कुण्डिया कलाँ (बनेड़ा) रात्रि विश्राम देवनारायण मालासेरी (आसीन्द रात्रि विश्राम समेलिया से बड़ा खेड़ा (टाँटगढ़) रात्रि विश्राम मालासेरी से समेलिया (भीम) रात्रि विश्राम 14 अगस्त बड़ा खेड़ा से रोही पर्वत रावली अभ्यारण मांगट जी दर्शन व ध्वजारोहण का कार्यक्रम विधिवत परंपरागत अनुसार किया जाएगा। पुजारी रामकुवार मीणा सुरेंद्र मीणा पदयात्रा समिति से कालूराम मीणा शिवराज मीणा फूली देवी मीणा सहित पदयात्री मौजूद रहे।

सोसायटी ने लगाए 450 पेड़

अजमेर, (कासं)। फ्लाइंग बर्ड्स सोसायटी द्वारा लोहागल रोड शास्त्री नगर पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी रहे, अध्यक्षता पूर्व एडीए अध्यक्ष शिव शंकर ने की। कार्यक्रम संयोजक अम्बिका हेडा ने बताया कि सोसायटी द्वारा पिछले एक माह से एक पेड़ मां के नाम अभियान चला कर सभी के सहयोग से 450 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने महिला शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर महिलाएं आगे आ जावे तो क्या नहीं हो सकता, महिला शक्ति ने कठिन कार्य को बहुत ही खूबसूरती से करती है। शिव शंकर हेडा ने कहा कि यह बहुत कठिन कार्य था जिसको बहुत सरल और सुनियोजित तरीके से संस्था द्वारा किया गया है। संस्था द्वारा नारेगा की टीम को उपहार स्वरूप बरसाती तथा उपस्थित सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए। सचिव विजया बकलीवाल ने सोसायटी के कार्यों का प्रारूप प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्णिमा मालू, शिल्पा डागा, अंजू सोनी, पारूल भार्गव, कविता अग्रवाल, सुमन भाटी, सुनीता तापडिया, राधा तापडिया, रानी चैधरी, जया लोढ़ा सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

भक्तिरस महोत्सव 15 को

अजमेर, (कासं)। भगवान गंज में स्थित बाबा साहिब तुलसीराम साहिब दरबार में एक दिवसीय सत्संग-भजनो कीर्तन व भक्तिरस के रंगारंग कार्यक्रम के महोत्सव का आयोजन आगामी 15 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। सिन्धी सन्त समाज के पूर्व सचिव स्वामी किशन लाल माखीजानी को उनकी जयंती के अवसर पर आयोजन करके नमन किया जाएगा। आयोजक मंडल दरबार के राजेश लालवानी और पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि 15 अगस्त को गुरुवार को सायं 6 बजे से शब्द कीर्तन, आरती व अरदास रात्रि 7:30 बजे से, केक का भोग प्रसाद 8 बजे से और रात्रि 8:30 बजे से पल्लव प्रार्थना के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संत मंडल के सन्त अशोक गाफिल, संत केशनदास, भगत मंधाराम भिरयानी सहित पूज्य सिन्धी पंचायत के पदाधिकारियों लत्ता भैरूमल बच्चानी, राजेश लालवानी, किशोर विधानी द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होकर धार्मिक का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

पोधरोपण किया

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर कॉलोनी में स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में हरियालों राजस्थान वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया एवं पोधारोप किया। प्रधानाध्यापिका सुशीला सोनी की उपस्थिति में समाजसेवी डॉ एस डी.मिश्रा, पूर्व पार्षद गणेश चौहान, दिनेश चौहान, नन्दराम चौधरी स्टाफ के संजय बंसल, चेजा शर्मा, ममता मेडम एवं नन्ने मुन्ने बच्चों ने मिलकर विद्यालय में विभिन प्रकार के दस पोधे लगाए, जिसमें अमलताश गुलमोर सिमरण बिलपत्र नीम पीपल जामून आदि के अलावा छायेदार पौधे लगाये विद्यालय के पास तारामणी पानी की टंकी परिसर में भी पोधारोपण किया। इस मोंके पर समाजसेवी डॉ . एस डी मिश्रा ने पर्यावरण वृक्षारोपण के बारे में बिस्तार से बताया और कहां की इन पोधों को जिन्दा रखने के लिए समय समय पानी व रखरखाव करना अनिवार्य है। शाला प्रभारी सोनी मेडम ने अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरिरालों राजस्थान वृज्ञारोपण का पुनीत कार्य कर विद्यालय को हरा भरा रखने में मदद की।

निशुल्क ज्योतिष शिविर आज

अजमेर, (कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब में निशुल्क ज्योतिष शिविर का शुभारंभ पुष्कर स्थित चित्रकूट धाम के उपासक पाठक जी महाराज रविवार को सुबह 10 बजे करेंगे। इस शिविर में देशभर के प्रकाण्ड ज्योतिषाचार्य मौजूद रहेंगे और आम आदमी की समास्याओं से जुड़े प्रश्नों का समाधान करेंगे। अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र गुंजल ने बताया कि यह शिविर बिलकुल निशुल्क है। शिविर अजयमेरु प्रेस क्लब, सावन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें कुंडली विश्लेषक, न्यूमेरोलॉजी, हस्त रेखा विशेषज्ञ, मस्तक रेखा विशेषज्ञ, वैदिक ज्योतिष, टैरो कार्ड, लाल किताब सहित अन्य ज्योतिष विधाओं के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। खासतौर पर पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान के पंडित अनीष व्यास लोगों की कुंडलियों का विश्लेषण करेंगे।

सांखला प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

ब्यावर, (निसं)। राजस्थान प्रदेश में माली समाज के युवाओं का लोकप्रिय व अत्यधिक सक्रिय संगठन माली सेना ने अपनी कार्यकारिणी के विस्तार के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान की है। प्रदेश अध्यक्ष किशन देवड़ा ने प्रदेश मीडिया प्रभारी पद पर हरीश सांखला (पार्षद)को नियुक्त किया है। माली सेना संस्थापक दिनेश भाटी ने बताया कि हरीश सांखला वर्तमान में पार्षद होने के साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और अपने कार्य व लेखनी के माध्यम से सोशल मीडिया पर अत्यधिक सक्रिय रहते हैं। अपने उत्कृष्ट कार्यों की वजह से हरीश सांखला उपखंड स्तर , जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष किशन देवड़ा ने बताया कि इनकी नियुक्ति से माली सेना संगठन को मजबूती मिलेगी

तिरंगा रैली निकाली

भीलवाड़ा, (निसं)। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार शनिवार को जिलेभर में "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शिवपाल जाट ने तिरंगा यात्रा को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाई। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी, शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा स्काउट के विद्यार्थी व सिविल डिफेंस की टीम मौजूद रही। जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर सेशन कोर्ट चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केंद्र तक निकाली गई।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने किया वृक्षारोपण

अजमेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन अजमेर जिला इकाई द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी कड़ी में शनिवार को ज्ञान विहार कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कॉलोनीवासियों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया।

संस्था के जिला महामन्त्री उमेश गर्ग ने बताया कि मुख्य अतिथि संरक्षक कालीचरण खंडेलवाल थे। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है, वृक्षारोपण से प्रकृति में संतुलन बनाये रखने के लिए तथा अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड लगाना जरूरी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नीम, पीपल, आम, कदंब, बेलपत्र, जामुन सहित फलदार एवं छायादार 125 पेड़ ट्री गार्ड सहित लगाए गए। संस्था द्वारा 1008 वृक्ष लगाये जाने हैं, उनमें से लगभग 700 वृक्ष लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष रमेशचंद तापड़िया व महामन्त्री उमेश गर्ग ने कहा कि प्रकृतिए संस्कार और संस्कृति के विकास एवं उत्थान तथा इनकी रक्षा के लिए वैश्य समाज हमेशा प्रतिबद्ध है।

महिला शाखा अध्यक्ष वर्षा फतहपुरिया ने बताया कि महिला रोजगार एवं उद्योग को प्रोत्साहन देने तथा कामकाजी महिलाओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदर्शनी एवं सेल का आयोजन करने जा रही है।

बैठक आयोजित

सरवाड़, (निसं)। भाजपा शहर मण्डल द्वारा बैठक आयोजित हुई इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम भी बैठक में भाग लिये इस अवसर पर केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम संबोधित करते हुवे कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराना है। अभियान के माध्यम से देश के नागरिकों में देश भक्ति व राष्ट्रीय गौरव की भावनाओं को बढ़ावा देना है। इस मौके पर विधायक गौतम का कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया वहीं बैठक में मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल खटीक व महामन्त्री कुशल किशोर सोनी एडवोकेट अजय पारीक भाजपा नेता हरि मोहन शर्मा भगवान मुंदड़ा व पूर्व चेयरमैन दुर्गा लाल माली भगवान भट्ट चैन सिंह पगारिया महामन्त्री नंदकिशोर रेगर उपाध्यक्ष कैलाश घारू पार्षद कालू माली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर सरवाड़ में निकाली विशाल तिरंगा रैली

सरवाड़, (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं विशाल तिरंगा रैली का आयोजन पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर से गांधी चौक तक किया गया इस दौरान तहसीलदार रणछोड लाल व विकास अधिकारी त्रिलोकाराम दया द्वारा रैली को हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं तिरंगा रैली को लेकर खुश देखने को मिली।

इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताएं शहरी नरेगा श्रमिको व कार्मिको द्वारा तिरंगा झण्डा लेकर रैली निकाली गई एवं राजकीय विद्यालय

विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया।

परिसर में हर घर तिरंगा लगाने की शपथ ली गई वहीं इस दौरान तहसीलदार रणछोड लाल विकास अधिकारी त्रिलोकाराम दया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया सरवाड़ थाना अधिकारी सत्यवान मीणा प्रधानाचार्य गोपीलाल कीर कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर शास्त्री पालिका कार्मिक भागचन्द खटीक अर्जुन सिंह रहीस खान महावीर प्रसाद जेटीए विरेन्द्र योगी सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

अजमेर, (निसं)। पुराने रंगजी मंदिर में झूला महोत्सव के अन्तर्गत संस्कार भारती अजयमेरु द्वारा आयोजित दशम रंगम संगीत महोत्सव में गायककारों द्वारा दी गई भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गऐ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति संगीतकार दिनेश पाराशर थे। संस्था के उपाध्यक्ष व प्रचार प्रभारी महेंद्र जैन मित्तल ने बताया कि इस अवसर किशनगढ़ के गायकारोने सुरीले भजनों की प्रस्तुत देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं संगीत कलाकारों का अशोक शर्मा, पूर्णिमा पाठक, सुमन वैष्णव, प्रभा गुप्ता आदि ने दुप्पटा ओढा स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इससे पूर्व संस्कार भारती अजयमेरू के अध्यक्ष तिलक राज, महामंत्री कृष्ण गोपाल पाराशर, ने मुख्य अथिति दिनेश पाराशर को संस्कार भारती का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।अशोक शर्मा संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अनंत प्रसाद गनेरीवाल सहित अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल पाराशर ने किया।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर ली बैठक

- **विकास योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के अधिकारियो को दिए निर्देश**

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा जिले के प्रभारी सचिव जितेंद्र सोनी की अध्यक्षता में को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िला स्तरीय अधिकारियो के साथ परिवर्तित बजट 24-25 में की गई घोषणाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। घोषणाओं को शीघ्र अमली जामा पहनाने के लिए जिला मुख्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रभारी सचिव सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बजट के तहत की गई समस्त घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद संवेदनशील हैं तथा शीघ्रातिशीघ्र सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारकर आमजन को बजट घोषणाओं से लाभान्वित करवाने का ध्येय हैं , इसी बाबत उन्होंने सभी जिला प्रभारी सचिवों को जिलों में भेज कर बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों जैसे भूमि चिन्हीकरण,भूमि आवंटन जैसे कार्यों में अधिक समय लगता है के कार्यों में शीघ्रता लाने के लिए निरंतर इसकी मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से प्रभारी सचिवों को निर्देशित किया गया है। सोनी ने बजट में की गई समस्त घोषणाओं के कार्यों की प्रगति का आँकलन किया तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली उन्होंने जिला प्रशासन तथा विभागों से बजट घोषणाओं में भूमि चिन्हीकरण तथा आवंटन में किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान ज़िले के प्रभारी सचिव सोनी ने जिला प्रशासन से बजट घोषणाओं की क्रियान्वयन को लेकर यदि किसी भी प्रकार की समस्या जो राज्य सरकार के ध्यान में लाने योग्य है को शीघ्र अवगत करवाने के लिए कहा। प्रभारी सचिव सोनी ने वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा की।

देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन

भीलवाड़ा, (निसं)। जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा एवं अपना संस्थान द्वारा आजादी के महामहोत्सव स्वतंत्रता दिवस पर "एक शाम देश के नाम" देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 अगस्त, रविवार को सायं 7 बजे नगर परिषद के टाउन हाल में आयोजित किया जायेगा। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली की अध्यक्षता में एक संचालन कमेटी का गठन किया गया जिसमें अपना संस्थान के प्रदेश सचिव विनोद मेलाना, सचिव साधना मेलाना, जिला यूनेस्को के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा को शामिल किया गया। इस समारोह में देशभक्ति, गीत, संगीत व नृत्य स्थानीय प्रतिभावान कलाकारों व स्कूल के छात्र-छात्राओं प्रस्तुतियों से आजादी के उन लम्हों को याद किया जायेगा।

रेडक्रास में अंगदान-देहदान पर कार्यशाला सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा राज्य में अंगदान एवं देहदान,नेत्रदान के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। संगठन सचिव जीवनसिंह चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस अभियान में आज 2024 शनिवार को प्रात: 11.00 बजे से अंगदान एवं देहदान, नेत्रदान, रक्तदान के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के लिये रेडक्रास की और से हरिनारायण सोमानी, चेयरमैन भारतीय रेडक्रास सोसायटी, अजमेर की अध्यक्षता एवं डा अरविन्द खरे, अधीक्षक जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के मुख्य आतिथ्य एवं भगवानसिंह सचिव रेडक्रास व डा0 मधुविजया वर्गीय के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने अपनी वार्ताए दी।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डा मधु विजयवर्गीय ने कहा कि विश्व अंगदान दिवस हर साल 13 अगस्त को मनाया जाता है। यह समाज में अंगदान की आवश्यकताके बारे में जागरूकता बढाने के लिए दुनिया भर के लोगों द्वारा मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य संगठनर लोगों को शिक्षित करने लिए स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर लाइव कक्षाएं आयोजित करते है,उन्होंने समाज में अंगदान की आवश्यकता,उसकी प्रक्रिया और महत्व के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

रेडक्रास के सचिव भगवान सिंह ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेशव्यापी अंगदान देहदान महादान कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी उठा के लोग अंगदान कर सकते हैं। अंगदान पूरी तरह से स्वैच्छिक कार्य हैं और लोगो को इन गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि निरक्षरता, उचित मार्गदर्शन की कमी, जागरूकता की कमी, सर्जरी का डर,आदि कुछ प्रमुख कारण है जो किसी व्यक्ति को इस तरह के दान प्रथाओं में शामिल होने से रोकते है।

स्वतंत्रता दिवस पर हर-घर तिरंगा अभियान

ब्यावर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कावड़िया के नेतृत्व में भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर-घर तिरंगा अभियान के तहत महात्मा गांधी सर्किल, चांग गेट पर तिरंगा वितरण का शुभारंभ किया।चांगगेट स्थित मुख्य बाजार में सभी प्रतिष्ठानों, रिक्शा चालकों, महिलाओं एवं आमजन को तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कावड़िया ने बताया कि आशापुरा माता मंडल क्षेत्र के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और लोगों के घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। मंडल में युवा मोर्चा द्वारा 11, 12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालेगा। 14 अगस्त को युवाओं व आमजन को विभाजन की विभीषिका याद दिलाई जाएगी और मौन मार्च निकाला जाएगा।

अजमेर देहात जिला मंत्री शिवप्रकाश सामरिया ने कहा कि आजादी का पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी गणतंत्र का बड़ा पर्व है। यह दोनों त्योहार हमारे लिए सर्वाधिक महत्व के हैं। यदि पड़ोसी देशों में देखें तो उन देशों में लोकतंत्र की हालत बहुत ही दयनीय है।

बावरिया हत्याकांड : कैलाश की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी, सास व भाई गिरफ्तार

अवेध संबधो की वजह रही हत्या, मोबाइल की काल डिटेल ने खुलवाया राज

पुष्कर, (निसं)। पत्नी सास भाई निकला हत्यारा, पत्नी ने पहले गांव के ही दो युवकों पर लगाया था हत्या का आरोप। अवेध संबधो की वजह रही हत्या, मोबाइल की काल डिटेल ने खुलवाया राज।

मोतीसर स्थित डाबला की ढाणी के कैलाश बावरिया हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने कैलाश की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी, सास व भाई को गिरफ्तार किया है। मामले में खास बात यह सामने आयी कि मृतक के भाई व उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध थे। इसी को लेकर भाई व पत्नी ने कैलाश को मारने की योजना बनाई और आरोपी पत्नी व सास ने रस्से से गला दबा कर कैलाश की बेहरमी से हत्या कर दी।

ग्रामीण दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम मोतीसर स्थित डाबला की ढाणी निवासी नाथी पत्नी कैलाश बावरिया ने एसपी को परिवाद पेश किया। जिसमें उसने ओम सिंह रावत, सुल्तान सिंह व उसके बहनाई के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया। परिवाद के आधार पर पुलिस ने कैलाश की हत्या के आरोप में आरोपियों के

- **मृतक के भाई व उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध थे। इसी को लेकर भाई व पत्नी ने कैलाश को मारने की योजना बनाई**

खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पुलिस उप अधीक्षक ग्रामीण रामचंद्र चौधरी के सुपरवीजन व सीआई राकेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों द्वारा दफनाएं शव को निकाल कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया।

साथ ही मामले की गहनता से जांच की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना के दिन 26 जुलाई को मृतक कैलाश व उसकी पत्नी नाथी के बीच झगड़ा हुआ था। इसी दौरान मृतक की उसके भाई राजू से भी मोबाईल पर कई बार बातचीत हुई। एएसपी शर्मा ने बताया कि नाथी व उसके देवर राजू के बीच अवैध संबंध थे। 26 जुलाई को कैलाश, नाथी व उसकी सास ने साथ में बैठ कर शराब पी। इसी दौरान कैलाश के पास राजू का फोन आया और दोनों भाई गाली-गलोच करने लग गए। इसके चलते नाथी व राजू ने फोन पर कैलाश को मारने की योजना बनाई और नाथी व उसकी मां मीरा ने शराब के नशे में लड़ते झगड़ते रस्सी से गला दबा कर कैलाश की हत्या कर दी। पुलिस की पुछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

मनगंढ़त कहानी रच, दर्ज कराई झूठी रिपोर्ट:- मृतक की पत्नि नाथी ने एसपी को पेश किऐ परिवाद में बताया कि गत 26 जुलाई की शाम 7 उसका पति कैलाश, उसकी मां मीरा उसकी झोपड़ी में बैठे थे। तभी ओम रावत वहां आया और उसके पति के साथ बातचीत कर साथ में शराब पीने लगा। तभी ओम रावत उसके पति के साथ मारपीट करने लगा। तब उसने व उसकी मां ने उसके पति को छुड़ाना चाहा तो इसने उसके साथ भी मारपीट की तथा उसके पति के गले में रस्सा बांध कर दबाया और उसके पति को अधमरा छोडक़र वहां से भाग गया था। तथा सुबह 8 बजे सुल्तान रावत व उसका बहनोई एक पिकअप लेकर आये तथा आते ही इन्होने उसके पति कैलाश को जबरन पिकअप गाडी में डालने लगे तो उन्हें रोकने की कोशिश की तो भी जबरस्ती गाड़ी में डाल कर ले गये तथा उसके पति के साथ बुरी तरह से मारपीट की जिसके कारण उसके पति की मृत्यु हो गई और ये लोगों मौका देखकर उसके पति को खेत में पटक कर भाग गये। बताया गया है कि नाथी ने अपना जुर्म छुपाने के लिए ओम सिंह, सुल्तान व घासीराम पर हत्या का झूठा आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी तथा सबूत मिटाने के लिए घटना के दूसरे दिन अस्पताल से बिना पोस्टमार्टम कराए शव प्राप्त कर लिया। यही नहीं कैलाश के परिजनों को यह बताते हुए कि उसे जहरीले जानवर ने काट लिया। इस पर परिजन शव अपने पैतृक गांव ले गए और दफना दिया।

खुलासा करने वाली टीम में यह रहे शामिल:- टीम में सीओं ग्रामीण चौधरी, सीआई यादव, एएसआई गिरधारी लाल, छीतर लाल, रामेश्वर लाल, पुलिसकर्मी मनोहरलाल, सुनील पारीक, हीरालाल, जितेन्द्र विजय, अनिल कुमार, भोमाराम, सुनीता शामिल थे।

परिक्षित मोक्ष का सजीव मंचन

ब्यावर, (निसं)। ब्रह्मलीन स्वामी श्री सुखदेव मुनि जी हरे राम आश्रम कनखल हरिद्वार वालों की 38वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में महामंडलेश्वर स्वामी श्री कपिल मुनि जी हरिद्वार कै सानिध्य में सावन मास के पावन अवसर पर ब्रह्मानंद सत्संग मंडल मैं आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा मैं अमरकटक वालो के श्री मुख से व्यास पीठ पर परम पूज्य स्वामी ज्योतिर्गयानंद जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं।

स्वागत किया

भीलवाड़ा, (निसं)। राजस्थान सरकार में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक का भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व व सभापति राकेश पाठक की उपस्थिति में भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC2/MIN/EC/0099/Cat B1/2023-24 Jaipur Dated 6-6-2024 के द्वारा के द्वारा मै. चारभुजानाथ ग्रेनी स्टोन्स खनन पट्टा सं. 26/2022 क्षेत्रफल 1.3153 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम कांगसो का बाड़िया तहसील करेडा जिला भीलवाड़ा (राज.) Production Capacity Granite 125446 TPA के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट पर देखी जा सकती है। **मै. चारभुजानाथ ग्रेनी स्टोन्स**